# मूसलाधार बारिश से बून्दी जलमग्न, शहर में साढ़े पांच इंच पानी बरसा

## नवल सागर से पानी छोड़ने से नागदी में पानी की भारी आवक, कई दुपहिया वाहन बहे

**बून्दी, (निसं)।** बूंदी शहर में बीती रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने बूंदी को जलमग्न कर दिया। 24 घंटे में 5.5 इंच (साढ़े पांच इंच) बारिश रिकॉर्ड की गई। नवल सागर झील ओवरफ्लो होने से पुराने शहर की सड़कों पर 3 फीट तक पानी का तेज बहाव आया।

तलाई मोहल्ला, महावीर कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी और देवपुरा में जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ। कई वाहन पानी में बह गए। किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने रेस्क्यू टीमें तैनात की हैं। कलैक्टर हरफूल सिंह यादव भी स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और लोगों से जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने की अपील की गई है। वहीं बारिश के चलते चित्तौड़ रोड और छतरपुरा क्षेत्र में पानी भर गया। नगर परिषद द्वारा पानी की निकासी के लिए लगातार अवरोधों को हटाकर पानी की निकासी की जा रही है। इंद्रगढ़ के चाकन बांध की भराव क्षमता 17 फीट है और उस पर चादर चलने लगी है। वहीं चंबल के उफान से हाईवे-37ए पर रोटेदा-मंडावरा मार्ग पर रोटेदा पुलिया को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। नैनवां में 2.75 इंच और तालेड़ा में 2.5 इंच बारिश दर्ज हुई।



बून्दी में तेज बरसात होने से कई तालाबों में पानी की आवक हुई।

शहर में मंगलवार अलसुबह हुई झमाझम बरसात से चारो ओर पानी ही पानी हो गया। शहर के नवल सागर तालाब के लबालब होने से उसके गेट खोले गये और पानी की निकासी की गई। नवल सागर से पानी छोड़ने से मंगलवार दूसरे दिन भी नागदी में पानी की भारी आवक रही। जिससे पानी मीरा गेटको पार करते हुए मालन मासी बालाजी रोड़ और पुलिस लाइन रोड़ तक पहुंच गया।

नागदी के चलते कई दुपहिया वाहन बहे जिन्हें पकड़ने के लिए लोग मशक्कत करते रहे। कई लोगों ने तो चेन बनाकर वाहन को पकड़ा। नागदी के चलते रास्ता अवरूद्ध होने से लोगों को बायपास और कागदी देवरा रोड़ का सहारा लेना पड़ा। बरसात होने से जैतसागर में भी पानी की आवक हुई है, वहीं बाणगंगा लबालब हो गई है। दूसरे दिन बरसात होने से शहर के छत्रपुरा रोड़, पुलिस लाइन रोड़,नैनवां रोड़, महावीर कॉलोनी, तलाई बस्ती आदि बस्तियों में घरो में पानी घुस गया। मंगलवार अलसुबह की बारिश शहर

- नवल सागर झील ओवरफ्लो होने से पुराने शहर की सड़कों पर तीन फीट तक पानी का तेज बहाव आया
- 17 फीट भराव क्षमता वाले इंद्रगढ़ के चाकन बांध पर चादर चली

सहित आस पास के गांवों में भी होने से किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आई। बरसात के चलते आज बाजार में तिरपाल, छतरी, रेनकोट की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ नजर आई।

शास्त्री नगर क्षेत्र वासियों ने नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर वार्ड में मौजूद विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन सौंपने दौरान नसीम अंसारी, मो. आरिफ, सत्यनारायण, जावेद, गोलू, प्रभु लाल, इमरान, सुरेंद्र रामकिशन आदि मौजूद रहे।

# भरतपुर में झमाझम बारिश से कई इलाकों में जलभराव

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में मंगलवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से तेज धूप और उमस के कारण लोग गर्मी से परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छाए और देखते ही देखते झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। शहर सहित आसपास के कई इलाकों में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी एवं उमस से बड़ी राहत मिली। बारिश शुरू होते ही सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई। लगातार हो रही बारिश को खरीफ की फसलों के लिए काफी लाभदायक माना जा रहा है। बारिश से खेतों में खड़ी खरीफ फसलों को पानी मिलने से किसानों को फायदा होने की उम्मीद है। बारिश को कृषि के लिए अमृत माना जा रहा है, जिससे फसलों की स्थिति बेहतर होने और उत्पादन बढ़ने की संभावना है। बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली। वहीं, बारिश के साथ शहर के कई निचले इलाकों, कॉलोनियों और बाजारों में जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को पानी के बीच से निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर में पहले से जलभराव की समस्या वाले इलाकों में बारिश के बाद स्थिति और खराब होने की आशंका है। नालियों और नालों में पानी की निकासी प्रभावित होने से कई जगह सड़कें पानी से लबालब नजर आईं।

# गंगापुर सिटी में एक घंटे तक तेज बारिश हुई, बाजारों में पानी भरा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी और आसपास के इलाकों में मंगलवार शाम मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। शाम करीब चार बजे के बाद आसमान में घने बादल छा गए और एक घंटे तक तेज बारिश हुई। इस बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खुल गई। बारिश के बाद शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नया बाजार, फव्वारा चौक, उदेई मोड़, सालोदा, ईदगाह और कचहरी रोड जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। नया बाजार में स्थिति विशेष रूप से खराब रही, जहां सड़क पर घुटनों से उपर तक पानी भर गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हुई।

बारिश से पहले मंगलवार को दिनभर गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, लेकिन उमस बनी हुई थी। पिछले दो दिनों से लोग तेज गर्मी के बीच बारिश का इंतजार कर रहे थे। शाम को बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को काफी राहत मिली। शाम चार बजे के बाद अधिकतम तापमान लगभग 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखी। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिससे किसानों और आमजन को अच्छी बारिश की उम्मीद है। हालांकि, क्षेत्र में अभी औसत बारिश का आंकड़ा पूरा होने में काफी समय है।

# श्रीगंगानगर में बीएसएफ कैंप से पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** स्वतंत्रता दिवस से पहले भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे श्रीगंगानगर में सीमा सुरक्षा बल के कैंप की दीवार फांदकर घुसे पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा है। बीएसएफ की 163वीं बटालियन के कैंप में आरोपी बिना परमिशन घुसा था।

आरोपी के पास मिले मोबाइल से पाकिस्तानी नंबरों के मैसेज और कॉल डिटेल्स भी मिली है। आरोपी लगातार इन नंबरों पर संपर्क कर रहा था। एंइ की रिपोर्ट पर रायसिंहनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सुरक्षा एजेंसी भी हाई अलर्ट पर हैं और आरोपी से बीएसएफ में पूछताछ करेगी। बीएसएफ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 9 अगस्त को शाम करीब 6:05 बजे आरोपी सुभाष चंदर पुत्र गोविंद राम निवासी गांव 02 एफएफ

- दीवार फांदकर घुसा था जासूस, सेना की डिटेल्स पाकिस्तान भेजने की आशंका

श्रीगंगानगर ने बीएसएफ कैंप परिसर में दीवार फांदकर घुसा, जिसे बीएसएफ जवानों ने मौके पर ही पकड़ लिया। बीएसएफ ने 10 अगस्त को आरोपी की रायसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच करवाई और रायसिंहनगर थाने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया।

बीएसएफ टीम द्वारा प्रारंभिक पूछताछ और उसके मोबाइल की कॉल डिटेल्स की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कॉल रिकॉर्ड में कंट्री कोड पाकिस्तान (92) वाले मोबाइल नंबरों से संपर्क का खुलासा हुआ है। आरोपी ने इन पाकिस्तानी नंबरों पर कई बार कॉल और मैसेज किए हैं।

आर्मी इंटेलिजेंस के सूत्रों ने बताया कि आरोपी संभवतया बीएसएफ के कैंप में घुसकर सेना की जानकारियां और तस्वीरें पाकिस्तान को भेजने की कोशिश कर रहा था, लेकिन बीएसएफ की मुस्तैदी से पकड़ा गया। इंटेलिजेंस का मानना है कि स्वतंत्रता दिवस नजदीक है। श्रीगंगानगर जिला भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से सटा होने के कारण ऐसी गतिविधियां बढ़ जाती है। हालांकि, पाक की नापाक कोशिश का जवाब देने के लिए सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। बीएसएफ कैंप जैसे संवेदनशील इलाके में घुसपैठ और सीमापार नंबरों से संपर्क के आरोप ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है।

## जैसलमेर में स्कूल बस में आग लगी, हादसा टला

**जैसलमेर, (निसं)।** जैसलमेर-खुहड़ी मार्ग पर धऊवा गांव के पास मंगलवार को एक स्कूल बस में अचानक आग लग गई। बस एसएम पब्लिक स्कूल की बताई जा रही है। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

- बस में सवार बच्चों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगने की आशंका जताई जा रही है। बस में सवार बच्चों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना कुछ समय पहले की बताई जा रही है। आग लगने के बाद बस से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग ने बस को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक सूचना के अनुसार हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग से बस को कितना नुकसान हुआ, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। घटना के वास्तविक कारणों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोगों की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में भागीरथपुरा मोड़ के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार पिता-पुत्र और उनके चाचा की मौत हो गई। हादसा कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत के कारण हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पचगांव चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कार सवार तीनों लोग जयपुर के पदमपुरा स्थित जैन मंदिर के दर्शन करने के लिए गए थे। वापस लौटते समय भागीरथपुरा मोड के पास उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राजकुमार जैन (50) पुत्र ज्योति प्रसाद, निवासी मनिया, हाल शास्त्री नगर, उनके भतीजे विजय (45) पुत्र कैलाश चंद्र, निवासी लीला विहार कॉलोनी तथा विजय के पुत्र आदि (15) निवासी लीला विहार कॉलोनी की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पचगांव चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को कार से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है । एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन और परिचित जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग खण्ड नगर**

क्रमांकः-अ.अ./नगर / 2026-27/621-28 — दिनांक :- 6/8/26

**निविदा सूचना संख्या 22-26/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से इस खण्ड के अधीन 5 नं0 कार्य एवं निविदा की कुल राशि रू0 20.70 लाख हेतु मोहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिससे सबंधित विवरण एवं सूचनाऐं वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है
UBN Code No-PHE2627WSLB03782, PHE2627WSLB03783
PHE2627WSLB03784, PHE2627WSLB03785
PHE2627WSLB03786
DIPR/C/14227/2026

अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड नगर


# बदमाशों ने पुलिस वाले बनकर महिला से गहने लूटे

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में इवनिंग वॉक पर निकली महिला के सोने के गहने ठगने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पुलिस चेकिंग का कहकर पहले सोने के गहने उतरवाए। इसके बाद नकली गहने थमा दिए। घर आकर देखने पर ठगी का पता चला। बदमाश करीब ढाई तोला वजनी सोने की चेन, एक ढाई तोला वजनी अन्य सोने की चेन, दो सोने के कड़े, लगभग तीन तोला वजनी इस तरह से कुल 8 तोला सोना ले गए। मामला रातानाडा थाना इलाके का है।

रातानाडा थाने में स्नेहलता शर्मा (65) सुभाष कॉलोनी डिफेंस लेब रोड निवासी के साथ यह घटना हुई है। स्नेहलता शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि 10 अगस्त की शाम 5:45 से 6:30 के बीच वह हमेशा की तरह कॉलोनी में वॉक के लिए निकली थी। देवी भवन के पास गली नंबर 5 से निकल रही थी। उस दौरान पहले से खड़े दो अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका। उन्होंने खुद को पुलिस वाला बताया और कहा कि चेकिंग चल रही है, इसलिए आप अपने सोने के गहने उतार दिजिए। इन्हें किसी कपड़े में लपेटकर रखिए। बदमाशों में शामिल एक युवक ने चेकिंग का नाटक भी किया, जिससे मुझे विश्वास हो गया कि वह सचमुच में पुलिसकर्मी है और सभी की जांच कर रहे हैं। इस विश्वास में आकर मैंने अपने गहने उतार कर उन्हें दे दिए।

## युवक ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** किशोरपुरा थाना इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार इलाके के साजीदेहड़ा निवासी युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगा लिया, मंगलवार तड़के परिजन उठे तो युवक को फांसी के फन्दे पर लटका देखा जिसे नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर किशोरपुरा पुलिस टीम पहुंची। किशोरपुरा थानाधिकारी चेतन शर्मा ने बताया कि किशोरपुरा इलाके के साजीदेहड़ा निवासी अमित विश्वास ने घर पर फांसी का फन्दा लगाकर सुसाइड कर लिया।

# हरियाणा के हथियार तस्कर गिरोह से जुड़ा आरोपी अजमेर में गिरफ्तार

**अजमेर, (निसं)।** अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगंज थाना पुलिस ने साइबर टीम के सहयोग से कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी हरियाणा के हथियार तस्कर गिरोह से जुड़ा हुआ है। उसके कब्जे से एक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

रामगंज थाना प्रभारी हरिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को अवैध हथियारों की तस्करी और इनके इस्तेमाल से जुड़े लोगों के संबंध में जानकारी मिली थी। इसके बाद साइबर टीम की मदद से संदिग्ध गतिविधियों

- आरोपी के कब्जे से पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस बरामद किये

पर निगरानी रखी गई। जांच के दौरान किशनगढ़ के गांधीनगर निवासी सागर पुत्र दीपचंद के बारे में जानकारी सामने आई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में आरोपी के हरियाणा के हथियार तस्कर गिरोह से संपर्क होने की बात सामने आई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी हथियार कहां से लेकर आया था और इसे आगे किस व्यक्ति को सौंपा जाना था।

थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस उसके पुराने मामलों की जानकारी जुटाने के साथ ही हथियार तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े कुछ और सुराग मिल सकते हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**PHED City Division-I (North), Jaipur**

No.:618-627 — Date: 31/7/26

**Notice Bid Inviting**

Bids 1. For Providing Security Gaurds without arms at PHED City division-I (N) Jaipur & 2. Daily Cleaning & Sweeping work in various offices at panipech PHED Campus Under City Division-I (N) Jaipur are invited from interested bidders upto 06:00 PM Date 13.08.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs 27.22 Lacs & 11.21 Lacs UBN No.: PHE2627WSOB03454 & PHE2627WSOB03456

(Bhawnesh Kuldeep)
Executive Engineer PHED, City Division-1 (N)
Jaipur
DIPR/C/13872/2026

**Government of Rajasthan**
**Office of the Executive Engineer WD and SC Sheo (Barmer)**

No. 274 — Date: 05.08.2026

**Notice Inviting BID NIB No 10 YEAR 2026-27**

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 13.08.2026 at 06:00 PM as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in of the state departmental website.

| Sr. No. | Block | NIB No. | Estimate (Rs in Lacs) | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SHEO | 10/2026-27 | 59.46 | WSC2627A0859 | WSC2627WSRC01545 |

(AKSHAY PANCHAL)
Executive Engineer
WD and SC, Sheo (Barmer)
DIPR/C/14066/2026


## पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा फरवरी में

**बीकानेर, (निसं)।** प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2027 में होने वाली कक्षा 5 और 8 की परीक्षाओं को लेकर स्कूलों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। विभाग ने स्कूल स्तर पर परीक्षा संबंधी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के अनुसार कक्षा 8 की प्राथमिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा और कक्षा 5 की प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन परीक्षा के लिए शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से अगस्त-सितंबर 2026 में विद्यालय स्तर पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरवाए जाएंगे।

# अलवर की मत्स्य यूनिवर्सिटी में हजारों कॉपियां बारिश के पानी में भीगीं

**अलवर, (निसं)।** हल्दीना स्थित राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के नए प्रशासनिक भवन की पोल मानसून की पहली झड़ी ने ही खोल दी है। हाल ही हुई तेज बारिश के बाद करोड़ों रुपए की लागत से बने विश्वविद्यालय के भवन के बेसमेंट में पानी भर गया। इससे वहां रखी हजारों उत्तरपुस्तिकाएं पानी में डूबकर खराब हो रही हैं।

लापरवाही का आलम यह है कि चार दिन बाद भी बेसमेंट से पानी की पूरी निकासी नहीं हो पाई है। अब भी वहां कई इंच पानी एकत्र है। इसी पानी के बीच कट्टों में भरकर रखी गई स्टूडेंट्स की उत्तरपुस्तिकाएं खराब होने की कगार पर पहुंच गई हैं।

- बारिश से बिल्डिंग में लीकेज़, बेसमेंट में चार दिन से भरा है पानी, खराब हो रहीं आंसरशीट

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा- यह पहली बार नहीं है। पिछले तीन साल से लगातार बरसात के मौसम में इसी तरह बेसमेंट में पानी भरने की समस्या सामने आ रही है। हर साल बरसात आती है। बेसमेंट जलमग्न होता है। निर्माण करने वाली एजेंसी को शिकायत की जा चुकी है। यही हाल रहा तो आने वाले समय में छात्रों के रिकॉर्ड का नामोनिशान मिट जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी को अपने पुराने रिकॉर्ड या डिग्री सत्यापन के लिए कॉपियों की आवश्यकता पड़ी तो विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सिवाय पछतावे के कुछ नहीं बचेगा। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी बैसमेंट में पानी रिसने या भरने की समस्या का समाधान न होना सीधे तौर पर घटिया निर्माण सामठी और इंजीनियरिंग पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

हैरानी की बात यह है कि निर्माण एजेंसी भवन को विश्वविद्यालय प्रशासन को हैंडओवर करते-करते अपना गारंटी पीरियड भी पूरा कर चुकी है। अब जब खामियां सामने आ रही हैं तो विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता नजर आ रहा है, जबकि निर्माण करने वाली एजेंसी को पूरा भुगतान कर दिया गया।

## महिला ने ससुराल में फांसी लगाई

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती मथानिया में रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजन को सुपुर्द किया गया। जांच प्रशासनिक अधिकारी की तरफ से की जा रही है। अग्रिम अनुसंधान जारी है। मथानिया पुलिस ने बताया कि बोरूंदा स्थित हरियाढाणा निवासी सुमेराराम बावरी ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें उसने बताया कि उसकी पुत्री ललिता की शादी मथानिया वार्ड नंबर 1 निवासी चंपालाल के साथ की गई थी। शादी को सात साल से कम ही समय हुआ था। वह ससुराल में थी। उसने ससुराल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।


**राजस्थान सरकार**
**वन विभाग**
**कार्यालय उप वन संरक्षक, कोटा**

राजभवन रोड़, सिविल लाईन्स, नयापुरा, कोटा-324001, दूरभाष / फेक्स 0744-2322747
(ई मेल आई. डी. dcf.kota.forest@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः एफ () विकास / उवसं/कोटा/2026-27/4219 — दिनांक 31.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 48/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वन मण्डल के अन्तर्गत रेंज कनवास के क्षेत्राधिकार अधीन नगर वन खैराई बीड़ में पक्की दीवार निर्माण कार्य / सिविल कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग / सिंचाई विभाग / वन विभाग या किसी अन्य निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी श्रेणी में सिविल वर्क श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ::-
उक्त निविदा को ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि 12.08.2026 को सांय 06:00 बजे तक है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण निम्नानुसार साईट्स पर देखा जा सकता है।
https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http//www.eproc.rajasthan.gov.in
UBN NO.- 1. FOR2627WSOB01323

(अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव)
उप वन संरक्षक
कोटा (राज.)
DIPR/C/13835/2026


# भीलवाड़ा के ग्राम गुवारड़ी में टायर पायरोलिसिस प्लांट से फैल रही गंभीर बीमारियां

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की हमीरगढ़ तहसील के ग्राम गुवारड़ी में स्थित क्वालिटी सुटिंग प्राइवेट लिमिटेड (टायर पायरोलिसिस प्लांट) के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस प्लांट को तुरंत सील करने और स्थायी रूप से बंद करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर इस फैक्ट्री को सील नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरकर चक्का जाम और अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नेशनल हाईवे 48 के किनारे स्थित यह प्लांट गाड़ियों के पुराने टायर जलाकर ऑयल बनाने का काम करता है। रेड कैटेगरी में आने वाले इस प्लांट से निकलने वाली कैंसरकारी गैसों और ब्लैक कार्बन के कारण पूरा गांव गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। गांव में कैंसर, दमा (अस्थमा) और टीबी जैसी घातक बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और कई मौतें हो चुकी हैं।

- ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्लांट को तुरंत सील करने और स्थायी रूप से बंद करने की मांग की
- ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर इस फैक्टरी को सील नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरकर चक्का जाम और धरना देंगे

पटवारी और तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार, यह रेड कैटेगरी फैक्ट्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से मात्र 280 मीटर तथा गांव की आबादी से महज 350 मीटर की दूरी पर स्थित है। बच्चों का स्कूल में बैठना और सांस लेना दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने अधिकारियों से सांठगांठ कर कूटरचित (फर्जी) तरीके से सभी अनुमतियां हासिल की हैं। हाल ही में ग्राम सभा द्वारा इस फैक्ट्री को पूर्णतः बंद करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है। अधिक मुनाफे के चक्कर में रात के समय क्षमता से अधिक टायर जलाए जाते हैं। वहीं, जानलेवा कचरे और ब्लैक कार्बन को चारागाह भूमि में पानी के अंदर डंप किया जा रहा है, जिससे भूजल और बेजुबान मवेशियों का जीवन खतरे में पड़ गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम के निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री संचालक उत्पादन को न्यूनतम कर देते हैं ताकि प्रदूषण छुप सके।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी खामियां पाए जाने पर प्रशासन ने इसे 6 महीने के लिए बंद कर दिया था, लेकिन जून 2026 में ग्रामवासियों के विरोध और स्पष्ट असहमति के बावजूद राजनीतिक रसूख के बल पर नियमों को ताक पर रखकर इसे दोबारा चालू करवा दिया गया। गुवारड़ी ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि अब सुधार का समय बीत चुका है, उन्हें केवल स्थायी बंदी चाहिए। यदि 7 दिनों में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन से उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की होगी।


**कार्यालय उप वन संरक्षक वन्य जीव कोटा (राज.)**

जे. के. पेवेलियन, अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के सामने, नयापुरा, कोटा Phone No./-0744-2321263
Mail ID-dcfwl.kota.forest@rajasthan.gov.in

क्रमांकःएफ () विकास / उवस/वजी/2026-27/5472 — दिनांक 10/8/2026

**अल्पकालीन खुली बोली सं0 20/2026-27**

राजस्थान के राज्यापाल की ओर से इस वन्य जीव मण्डल के अधीन इस वन्यजीव मण्डल के अधीन वन्यजीव अभयारण्य, भैंसरोड़गढ़ में आर.टी.सी.एफ. के अन्तर्गत निम्न विकास कार्य करवाया जाना है। उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत वन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में बोली आमंत्रित की जाती है। दिनांक 10.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक विक्रय की जायेगी तथा उसी दिन दोपहर 1:00 बजे तक जमा की जावेगी। दिनांक 14.08.2026 को ही उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष बोली अपरान्ह 3:00 बजे खोली जावेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | धरोहर राशि 2% | अवधि | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Building Maintenance of ACF Office & Range Office Bhainsroadgarh | 499625/- | 200/- | 10000/- | 45 दिवस | 1. निविदा शुल्क की राशि जरिये चालान / डीडी लेखामद0075-00-800-52 - 01 में जमा की जावे। 3. धरोहर राशि लेखामद 8443-00-109-00-00 में जमा की जावेगी |
| 2 | For Jetty, Block Agra Naka With The Tourist Facilities, Entry Office Check-Post | 499983/- | 200/- | 10000/- | 45 दिवस | |
| 3 | Construction of Barriers of Entry Point Activities | 199013/- | 200/- | 3980/- | 45 दिवस | |
| 4 | Rescue Center Care & Management Building | 499866/- | 200/- | 10000/- | 45 दिवस | |

1-UBN No. FOR2627W50801946, 2-UBN No. FOR2627WSOBO1947
3-UBN No. FOR2627WSOBO1948, 4-UBN No. FOR2627WSOB01949

उप वन संरक्षक,
वन्य जीव, कोटा
DIPR/C/14307/2026